**14/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्यासीवीं स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर देशवासियों को संबोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए वीर शहीदों को नमन किया। राष्ट्रपति ने आज ज़ोर देकर कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा, महिलाएँ और वे समुदाय जो लंबे समय से हाशिये पर रहे हैं, विकसित भारत का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या को कायरतापूर्ण और पूरी तरह से अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू करके निर्णायक और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया, जिससे पता चलता है कि देश के सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के साथ, भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ज़ोर देकर कहा कि 2047 तक वैश्विक एआई-हब बनने के लिए, भारत का ध्यान आम लोगों के लिए तकनीकी प्रगति का सर्वोत्तम उपयोग करने और शासन में सुधार लाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने पर रहेगा।

राष्ट्रपति ने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए लोगों को भी बदलना होगा।

00000000000000000000000

उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, राजभवन, ईटानगर ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान, दिरांग, डोगरा रेजिमेंट की दूसरी बटालियन, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री की 16वीं बटालियन, 4 कोर सिग्नाल रेजिमेंट, 305 फील्ड हॉस्पिटल और छ: सौ सड़सठ आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन को अरुणाचल प्रदेश राज्यपाल प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य और उसके लोगों के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में ये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर रहा है।

00000000000000000000000

राष्ट्र आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय राजधानी सहित पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई के 2 माइल पुलिस प्वाइंट से जिला भाजपा कार्यालय, तक एक गंभीर मौन यात्रा के साथ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस में भाग लिया। इस अवसर पर विभाजन पर एक फोटो प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गई।

0000000000000000000000

उनासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, गजराज कोर के तत्वावधान में भारतीय सेना ने थिंग्बू एडमिस्ट्रेटिवे सर्कल के सहायक आयुक्त थुतन वांगचू के नेतृत्व में नागरिक प्रशासन और चूना में तैनात गोरखाओं के सहयोग से चूना के अग्रिम क्षेत्रों में 14,000 फीट की ऊंचाई पर 'तिरंगा मार्च' का आयोजन किया। 100 मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज लेकर, भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवान और मागो एवं चूना के ग्रामीणों ने मिलाकर चूना में मार्च किया। मार्च के बाद, क्षेत्र को 'नो प्लास्टिक ज़ोन' बनाए रखने के जिला प्रशासन के अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

0000000000000000000000

उन्यसीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर अपर सुबनसिरी जिले में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न स्थानों पर स्थानीय विधायकों ने भाग लिया। दापोरिजो में, दापोरिजो विधायक तानिया सोकी ने शहर में मेगा तिरंगा रैली का नेतृत्व किया। श्री सोकी ने भाजपा सदस्यों के साथ दापोरिजो निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिप्पी गांव में शहीद तापा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वे एक भारतीय सैनिक थे, जो 1962 में चीनी आक्रमण के युद्ध में शहीद हुए।

0000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय ने आज आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति और समुदाय-केंद्रित तिरंगा बाइक रैली, 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान जैसे गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया।

0000000000000000000000

ली-निंग 12वीं दोरजी खांडू मेमोरियल स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 कल खेलो इंडिया इंडोर स्टेडियम, ईटानगर में संपन्न हुई। चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में राज्य भर के कुल 450 शटलरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 28 विभिन्न स्पर्धाओं में 516 मैच खेले गए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 14 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, शी-योमी, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामलों के विभाग SJETA के नेतृत्व में कल ईटानगर स्थित बैंक्वेट हॉल में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर एक दिवसिय कार्येक्रम का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000